
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UHIN/2012/43078 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

सीतापुर से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

सीतापुर, रविवार, 12 अप्रैल 2026

वर्ष 14, अंक 351, पृष्ट 04, मूल्यः 01 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

एलडीए की बड़ी कार्रवाई, 6 अवैध निर्माण किए सील; ध्वस्त...03

रेत माफियाओं का बड़ा खेल उजागरः जनता से खुली लूट...04

# राम मंदिर, 370 और अब UCC... राज्यों के जरिए ऐसे आगे बढ़ रही BJP की रणनीति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बीजेपी ने पश्चिम बंगाल में सत्ता में आने पर समान नागरिक संहिता (UCC) लागू करने का वादा किया है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ये ऐलान शुक्रवार को कोलकाता में पार्टी का घोषणापत्र जारी करते वक्त किया. मौजूदा चुनावी राज्यों में असम के बाद पश्चिम बंगाल दूसरा राज्य है, जहां बीजेपी ने यह वादा किया है. वैसे ये पहली बार नहीं है जब बीजेपी ने किसी चुनावी राज्य में UCC लागू करने का वादा किया हो. बीजेपी राष्ट्रीय स्तर पर भी लंबे समय से एक समान कानून लाने की बात करती रही है पर ये अभी तक परवान चढ़ नहीं सका. पीएम मोदी ने भी हाल ही में पार्टी के स्थापना दिवस पर सेक्युलर सिविल कोड की बात की, जो भेदभाव को खत्म करेगा और संविधान की भावना को मजबूत करेगा. बीजेपी के लिए समान नागरिक संहिता (UCC) की कहानी दशकों लंबी वैचारिक प्रतिबद्धता और गठबंधन की राजनीति की असलियत या मजबूरी की कहानी रही है. बीजेपी के लिए तीन अहम वैचारिक मुद्दों में अनुच्छेद 370 को हटाने और राम मंदिर के साथ ही समान नागरिक संहिता भी रहा है।

**भाजपा की दशकों पुरानी वैचारिक प्रतिबद्धता**

मोदी सरकार में बीजेपी ने राम मंदिर और अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण जैसे दो प्रमुख वैचारिक वादों को पूरा किया है, लेकिन समान नागरिक संहिता लागू करने का तीसरा वादा अभी तक राष्ट्रीय स्तर पर पूरा नहीं हो सका है. यही कारण है कि पार्टी ने इसे राज्य दर राज्य आगे बढ़ाने का फैसला किया है. हालांकि बीजेपी के चुनाव दर चुनाव घोषणापत्र के इतिहास को खंगाले तो पता चलता है कि एक राष्ट्र, एक कानून यानि ष्ष्ट तक पहुंचने का रास्ता सीधा नहीं रहा है. बीजेपी के UCC को लेकर यात्रा की शुरुआत 1980 के दशक में हुई. भारतीय जनसंघ के रास्ते पर आगे बढते हुए बीजेपी ने UCC को अनुच्छेद 44 के तहत एक संवैधानिक दायित्व के रूप में पेश किया, पर जहां 1996 के बीजेपी के घोषणापत्र में UCCशामिल था, पर





1998 और 1999 के घोषणापत्रों में यह नदारद था. वजह थी गठबंधन की मजबूरी।

**गठबंधन की राजनीति का UCC पर प्रभाव**

अटल बिहारी वाजपेयी ने 1998 में 20 से ज्यादा क्षेत्रीय की अगुवाई वाली सरकार का नेतृत्व किया पर गठबंधन में शामिल समता पार्टी और टीडीपी के चलत UCC के वादे को ठंडे बस्ते में डाल दिया. हालांकि फिर यूपीए सरकार में विपक्ष में रहते हुई पार्टी न UCC को समय समय पर उठाया. फिर 2014, 2019 और 2024 के चुनावी घोषणापत्र में बीजेपी ने UCC को पूरी तरजीह दी, लेकिन 2024 में मोदी सरकार का बहुमत नाजुक स्थिति में है और फिर वही पुराने सहयोगी नीतीश कुमार और टीडीपी साथ है, जिनके चलते कभी UCC के वादे को पीछे रखना पड़ा था. चंद्रबाबू नायडु को आंध्रप्रदेश में तो नीतीश कुमार को बिहार में मुस्लिम वोटरों का समर्थन मिलता रहा है. लिहाजा UCC को लेकर वो सतर्क थे. यही वजह है कि इन दोनों ही दलों ने UCC पर आगे बढने से पहले व्यापक चर्चा और विचार विमर्श की वकालत की.

**राज्यों के रास्ते UCC की राष्ट्रीय राह**

जिसके बाद बीजेपी ने एक नया रास्ता निकाला जो राज्यों के जरिए आता था यानि कि UCC को बीजेपी शासित राज्य सरकार के जरिए आगे बढाया जाए.2025 की जनवरी में उत्तराखंड UCC लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया. वहीं, उसके लगभग एक साल बाद मार्च 2026 मे गुजरातने भी सख्त समान नागरिक संहिता कानून पारित कर दिया. इस बार के असम विधानसभा चुनाव के अपने घोषणापत्र में बीजेपी ने सरकार बनने के तीन महीने के भीतर UCC लागू करने का वादा किया है. अगले साल होने वाले यूपी विधानसभा के चुनावी घोषणापत्र मे भी UCC का वादा रहेगा. मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस साल दिवाली तक राज्य में UCC कानून लागू करने का टार्गेट रखा है. केंद्र स्तर पर गठबंधन की मजबूरियों के बीच बीजेपी अपनी राज्य सरकारों के मार्फ़त रणनीतिक तरीके से यूसीसी को लेकर आगे बढ़ रही है. ताकि राज्यों के रास्ते ही सही देर सबेर राष्ट्रीय स्तर पर भी UCC एक हकीकत बन सके।

## विधायक पूजा पाल का समाजवादी पार्टी पर गंभीर आरोप, कौशांबी में पाल समाज की बेटी के साथ दुष्कर्म से आहत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** कौशांबी के चायल से विधायक पूजा पाल ने शनिवार को गंभीर आरोप लगाकर समाजवादी पार्टी पर बड़ा हमला बोला है। एक वीडियो संदेश जारी कर पूजा पाल ने आरोप लगाया है कि कौशांबी में पाल समाज की एक बेटी के साथ दुष्कर्म में सपा-समर्थित गुंडों का हाथ है। समाजवादी पार्टी से निष्कासित विधायक पूजा पाल ने कहा कि कौशांबी में सपा के गुंडों ने पाल समाज की बेटी के साथ दुष्कर्म किया है। उस बेटी का एकमात्र 'अपराध' यही है कि वह अखिलेश यादव की जाति की नहीं है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि पाल समाज की बेटी को जल्द से जल्द न्याय मिले। पूजा पाल ने कहा कि उन्होंने पूरी जिंदगी पाल समाज की लड़ाई लड़ी है और आगे भी लड़ती रहेंगी। इन सफेदपोश गुंडों के सामने न तब झुकी थी और न अब झुकूंगी। विधायक ने कहा कि प्रदेश में सपा समर्थक अपराधियों ने आतंक मचाना शुरू कर दिया है। 2027 का चुनाव जैसे नजदीक आ रहा है सपा के गुंडों का आतंक बढ़ता जा रहा है। चुनाव से पहले सपा के गुंडे प्रदेश में लोगों को धमका रहे हैं,ओबीसी समाज सहित सभी लोगों को प्रताड़ित कर रहे हैं।

**चुनाव नजदीक आते ही सपाई गुंडों के हमले तेज**

पूजा पाल ने घटना को बेहद निंदनीय बताते हुए कहा कि आरोपियों को सपा का पूरा संरक्षण प्राप्त है। जैसे-जैसे 2027 का चुनाव नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे सपाई गुंडे ओबीसी समाज की विभिन्न जातियों पर हमले तेज कर रहे हैं। आरोप लगाया कि पूरे प्रदेश में सपा समर्थक अपराधी आतंक मचा रहे हैं। यही है सपा का 'ल्यारी राज'। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने इस गैंग को छूट दे रखी है।

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ**

पूजा पाल ने कहा कि मैं इन सपाई गुंडों के सामने न झुकी थी,न ही अब झुकूंगी। विधायक पूजा पाल पूर्व विधायक राजू पाल की पत्नी हैं। अतीक अहम ने राजू पाल की हत्या की थी। समाजवादी पार्टी से निकाले जाने के बाद से पूजा पाल भाजपा के पक्ष में लगातार बयान दे रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि यूपी का यह सौभाग्य है और सपा गिरोह का दुर्भाग्य कि हमारे राज्य में एक धुरंधर मुख्यमंत्री है। बाराबंकी में सपा कार्यकर्ताओं ने सेना के जवान को पीटा तो पूजा पाल ने कहा कि हाल ही में लालापुर गांव में पाल समाज की माताओं-बहनों के घरों में घुसकर मारपीट की गई। वहीं बाराबंकी में सेना के जवान को सपा कार्यकर्ताओं ने सरेआम पीटा। उन्होंने इसे 'सपा का लाठी राज' बताते हुए कहा कि चुनाव से पहले सपा के गुंडे पूरे यूपी में लोगों को धमका रहे हैं और ओबीसी समाज को प्रताड़ित कर रहे हैं। इन सफेदपोश गुंडों के सामने न तब झुकी थी, न अब झुकूंगी पूजा पाल ने अखिलेश यादव पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने सपाई गुंडों को पूरी छूट दे रखी है और उनका मौन समर्थन जारी है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### पूर्णियाः प्रेमी से विवाद के बाद युवती ने नदी में लगाई छलांग, ई-रिक्शा चालक ने ऐसे बचाई जान



बिहार के पूर्णिया जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां कम उम्र का प्रेम प्रसंग एक युवती के लिए जानलेवा साबित होते-होते बच गया. बॉयफ्रेंड से हुए विवाद के बाद युवती ने आत्मघाती कदम उठाते हुए पुल से नदी में छलांग लगा दी. घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया. लोगों की भारी भीड़ पुल पर जमा हो गई. इस बीच एक शख्स की हिम्मत ने युवती की जान समय रहते बचा ली. घटना सदर थाना क्षेत्र के कप्तान पुल के पास की है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवती ई-रिक्शा से उतरकर सीधे सौरा नदी में कूद गई. देखते ही देखते मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई. हैरानी की बात यह रही कि अधिकांश लोग घटना का वीडियो बनाने में व्यस्त रहे, लेकिन किसी ने युवती को बचाने की कोशिश नहीं की. इसी बीच एक ई-रिक्शा चालक ने साहस का परिचय देते हुए मानवता की मिसाल पेश की।

**ई-रिक्शा चालक ने बचाई युवती की जान**

लाइन बाजार छोटी मस्जिद निवासी पिंटू आलम ने बिना देर किए नदी में छलांग लगा दी और कुछ ही मिनटों में डूब रही युवती को सुरक्षित बाहर निकाल लिया. बताया जा रहा है कि युवती पूर्णिया सिटी की रहने वाली है और वह एक युवक के साथ कला भवन के पास आई थी. किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद युवती रोते हुए ई-रिक्शा से कप्तान पुल पहुंची. पुल के बीच में रिक्शा रुकवाकर उसने चालक को पैसे दिए और बिना कुछ बताए रेलिंग पर चढ़कर नदी में कूद गई।

**युवती को साथ ले गई पुलिस**

घटना के बाद युवती सदमे में थी और कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं थी. सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और युवती को अपने साथ ले गई. यह घटना जहां एक तरफ वीडियो बना रहे संवेदनहीन लोगों की उजागर करती हैं, तो वहीं मदद के लिए आगे आए पिंटू आलम ने इंसानियत की मिसाल पेश की है।

## किसानों को समर्पित 'उन्नत कृषि महोत्सव 2026', एमपी को हॉर्टिकल्चर हब बनाने का संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मध्यप्रदेश के अन्नदाता के लिए 11 अप्रैल का दिन बेहद खास रहा. उन्हें बीज से बाजार तक का रास्ता दिखाया गया. उनकी जानकारी के लिए बीज, उर्वरक, उद्यान, सिंचाई प्रबंधन, बैंक से संबंधित समस्याओं का हल, मशीनों का प्रदर्शन किया गया. किसानों को कई तरह के स्टॉल द्वारा किसानी के कई पहलुओं की जानकारी दी गई. कार्यक्रम में किसानों के लिए 'ई-फॉर्म्स' एप भी लॉन्च किया गया।

मौका था रायसेन के दशहरा मैदान पर आयोजित 'उन्नत कृषि महोत्सवका कार्यक्रम में कई योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किया गया. उन्नत कृषि महोत्सव 13 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ-साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित कई जन-प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

**खेत में किसान, सीमा पर जवान**

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत की अलग छवि बन रही है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हाथों मध्य प्रदेश में बीईएमएल के पहले रेल कारखाने का भूमिपूजन हुआ है. वे मध्यप्रदेश के लिए शुभंकर हैं. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में देश कृषि क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है. खेत में किसान और सीमा पर जवान हमारे लिए दोनों बराबर सम्मान रखते हैं. रक्षा मंत्री सिंह की उपस्थिति में यह आयोजन दोनों की गरिमा बढ़ाने वाला है. देश की सीमाएं सुरक्षित हैं. उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रति क्विंटल 40 रुपए का बोनस देकर किसानों को 2625 रुपए मूल्य पर गेहूं खरीदा जा रहा है. प्रदेश में सिंचाई का रकबा भी बढ़ा है. उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों को अब दिन में भी सिंचाई के





लिए बिजली मिल रही है. प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब, किसान, युवा और नारी के कल्याण के लिए योजनाओं की शुरुआत की है. राज्य सरकार ने इस वर्ष को किसान कल्याण वर्ष घोषित किया है. रायसेन में उन्नत कृषि महोत्सव का आयोजन किसान भाइयों के लिए अद्भुत है. प्रदेश में विकास का कारवां निरंतर जारी रखने के लिए हमारी सरकार कृत संकल्पित है।

**लाभकारी सिद्ध होगा यह महोत्सव**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि रायसेन की धरती पर उन्नत कृषि महोत्सव किसानों की तकदीर बदलने के लिए लाभकारी सिद्ध होगा. यह कृषि महोत्सव में किसानों को सरकारी योजनाओं के साथ बिचौलियों से मुक्त बाजार सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएंगी. मध्य प्रदेश विकास के पथ पर लगातार आगे बढ़ रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लगन के साथ प्रदेश को आगे बढ़ा रहे हैं. उन्होंने देश के हृदय प्रदेश को एक अलग पहचान दी है. प्रदेश के किसान देश की ताकत हैं, आप सभी हर थाली में अन्न उपलब्ध कराते हैं. किसान हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं. उन्होंने कहा कि खेती एक चुनौतीपूर्ण कार्य है. भारत सरकार ने किसान भाइयों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिए हैं. किसान भाई पता लगा पा रहे हैं कि कौन सी फसल ली जा सकती है और कितना खाद डालना है. हमारी सरकार ने फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया है. किसानों के कल्याण के लिए धन की कमी कभी आड़े नहीं आएगी।

**हॉर्टिकल्चर का हब बनाने का मिशन**

कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार वर्ष-2026 को कृषि कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है. आज रायसेन की इस पवित्र धरा पर ज्ञान-विज्ञान-अनुसंधान-किसान का महासंगम हो रहा है. किसान सबसे बड़ा वैज्ञानिक होता है, लेकिन आधुनिक तकनीक और कृषि पद्धतियों को सीखने-समझने का अवसर मिलेगा. विकसित कृषि बिना, किसान की आय बढ़ाए बिना देश का विकास नहीं हो सकता. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसान के विकास का एक महायज्ञ चल रहा है. किसानों की आय बढ़ाने और देश की खाद्य सुरक्षा सुनश्चित करने का है. यहां टॉप वैज्ञानिक आएं हैं, प्रगतिशील किसान आए हैं. यहां 20 विषयों पर चर्चा होगी और एंटीग्रेटेड और फायदे की खेती पर बात होगी. उन्होंने कहा कि हम हर राज्य का कृषि रोडमैप बना रहे हैं, कई राज्यों में शुरुआत कर दी है. हम इस क्षेत्र को हॉर्टिकल्चर का हब बनाना चाहते हैं, खेती से लेकर फूड प्रोसेसिंग तक के प्रयास कर रहे हैं. भारत सरकार ने मध्य प्रदेश में 55 दाल मिलें खोलने का फैसला किया है. भारत सरकार दलहन को एमएसपी पर खरीदेगी।

## UP-SIR में सबसे कम वोट वाली सीटों पर भी चली बड़ी कैंची, जानें चुनाव पर क्या पड़ेगा इम्पैक्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

UP-SIR में सबसे कम वोट वाली सीटों पर भी चली बड़ी कैंची चली है. SIR के बाद कम वोट और मार्जिन वाली सीटों पर भी 21 हजार से 72 हजार तक वोट कट गए है. ऐसे में 1000 से कम मार्जिन वाले छोटी सीटों पर सपा-भाजपा-आरएलडी सावधान हो जाएं. पंद्रह ऐसी सीटें जिन पर जीत का अंतर 1000 से कम रहा, वहां SIR का कितना प्रभाव पड़ेगा? आइए जानते हैं. इनमें से 6 सीटें BJP, 2 सीटें RLD और 7 सीटों पर समाजवादी पार्टी को 2022 में जीत मिली थी.अब बात उन सीटों की करते हैं जहां जीत-हार का मार्जिन बेहद कम रहा, 1000 से भी कम वोटों से कुल 15 सीटों पर फैसला हुआ था. इन कम मार्जिन वाली सीटों पर भी SIR की मार भर के पड़ी है. इन सीटों पर 21,000 से 72000 तक वोट कम हो गए हैं.जानें उस सीटों के हाल, जहां कटे वोटरों के नाम शुरुआत करते हैं धामपुर विधानसभा से जहां बीजेपी के अशोक राणा महज 203 वोटों से चुनाव जीतने में सफल रहे थे. इस सीट पर समाजवादी पार्टी के नईम-उल-हसन दूसरे स्थान पर रहे थे. SIR के बाद इस सीट पर 29821 वोट कम हो गए हैं. यह कुल वोट का लगभग 14.54% है. कुर्सी विधानसभा सीट, जहां 2022 में बीजेपी प्रत्याशी 217 वोट से जीतने में कामयाब रहे थे, वहां अब 34925 वोट कट गए हैं. मतलब कुल वोट का 12.1%. इस सीट पर जीत का अंतर 0.08% रहा था. ऐसे में विजेता की चिंता बढ़ना लाजमी है कि कहीं उसी के मतदाता न कम हो गए हों. चांदपुर विधानसभा सीट पर समाजवादी पार्टी 234 वोटों से जीती थी. इस सीट पर कुल 2,24,374 वोट थे. जीत का मार्जिन 0.10% था. अब यहां 28496 वोट कट चुके हैं. मतलब 12.7% वोट लिस्ट से आउट. ऐसे ही नहतौर में मार्जिन 258 था. प्रतिशत अंतर 0.13% था. यहां 11.6% वोट कम हुए हैं. कुल 23,359 वोट SIR के बाद कट गए हैं. यहां से BJP ने 2022 में जीत दर्ज की है. पांचवे नंबर पर राम नगर विधानसभा है, जहां सपा की जीत हुई थी महज 261 वोटों से. वहां से अब 37709 वोट कम हो गए हैं. 0.11% से जीत हार वाली सीट पर अब 16% से ज्यादा वोट कम हुए हैं।

**छोटे विधानसभा पर चली बड़ी कैंची**

इसौली, बिलासपुर, बरौत, नाकुर, कटरा, दिबियापुर, शाहगंज, डोमरियागंज, मुरादाबाद नगर और जसराना ये तमाम वो विधानसभा सीटें हैं, जो मतदाता संख्या के हिसाब से भी छोटे हैं. इनमें सबसे ज्यादा वोट मुरादाबाद नगर में 321,704 थे जो SIR के बाद घट कर 2,49,216 रह गए हैं. छोटी विधानसभा सीटों की बात करें तो मुरादाबाद नगर में सबसे ज्यादा 22.53% वोट कटे हैं. वोटों के लिहाज से सबसे छोटी विधानसभा कटरा है, जहां 2022 विधानसभा चुनाव में 194967 वोट थे. SIR के बाद यहां 58270 वोट और कम हो गए. यहां लगभग 30% वोट कटे हैं. अब इस सीट पर मतदाताओं की संख्या 1,36,697 मात्र रह गई. पिछले विधानसभा चुनाव में यहाँ जीत का अंतर महज 357 वोटों का था. पंद्रह छोटी विधानसभाएं जहां जीत का अंतर एक 1000 से कम रहा, उन सीटों पर SIR का प्रभाव ये रहेगा कि यहां लड़ाई अब और मुश्किल हो जाएगी. साथ ही हार जीत का अंतर भी बेहद कम रह सकता है. हालाँकि बड़ा सवाल ये है कि कटे हुए वोटों में ज्यादा किस पार्टी के वोटर्स थे? इन पंद्रह सीटों में फिलहाल बीजेपी के पास 6, सपा के पास 7 और RLD के पास दो सीटें हैं।

## योगी आदित्यनाथ सरकार में निगम, आयोग व बोर्ड के मुखिया की होगी ताजपोशी, शीघ्र होगा मंत्रिमंडल विस्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधान सभा चुनाव को लेकर संगठन के विस्तार में जुटी भाजपा उत्तर प्रदेश में इस सप्ताह कई बड़े निर्णय लेगी। नई दिल्ली में दो दिन पहले भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के साथ बैठक करने के बाद प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने फाइलों के साथ शनिवार शाम सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। अब माना जा रहा है कि निगम, आयोग एवं बोर्ड के रिक्त पदों को भरने के साथ ही मंत्रिमंडल विस्तार पर पार्टी अंतिम फैसला लेने जा रही है।

**2802 सभासदों का मनोनयन**

पिछले माह प्रदेश संगठन ने सरकार के माध्यम से 2802 सभासदों का मनोनयन करवाकर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को साधा। चुनावी वर्ष में पार्टी को कई फ्रंट पर मुकाबला करना होगा। ऐसे में समाजवादी पार्टी के पीडीए की काट के लिए भाजपा संगठन में बड़ी संख्या में ओबीसी व अनुसूचित चेहरों को स्थान दे सकती। वहीं





निगम, आयोग एवं बोर्ड में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को पद देकर उन्हें चुनावी रूप से रिचार्ज किया जा सकता है।

**जातीय एवं क्षेत्रीय तार कसने का प्रयास**

मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर पार्टी में कई दौर का मंथन हो चुका है। कई अंतर्विरोधों एवं चेहरों की खराब छवि के बावजूद पार्टी उन्हें मंत्रिमंडल से हटाने से बचेगी। नए चेहरों के जरिए जातीय एवं क्षेत्रीय तार कसने का प्रयास होगा। दिल्ली में बैठक के बाद अगले दिन शनिवार को लखनऊ पहुंचकर पंकज चौधरी एवं धर्मपाल सिंह के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने से साफ है कि संगठन और सरकार के बीच किसी बड़े निर्णय को लेकर सहमति बन रही है।

**लखनऊ में रहेंगे विनोद तावड़े**

मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा इसलिए भी तेज हुई है क्योंकि रविवार को राष्ट्रीय महामंत्री एवं यूपी के चुनाव प्रभारी रहे विनोद तावड़े लखनऊ में रहेंगे। माना जा रहा है कि तावड़े पर्यवेक्षक की भूमिका में सरकार एवं संगठन से संवाद कर चुनिंदा नामों को मंत्रिमंडल के लिए लिफाफे में बंद करेंगे। वह सीएम योगी आदित्यनाथ से भी मिलेंगे। इसके बाद दिल्ली से अंतिम मुहर लग सकती है।

**एक ब्राह्मण व एक अनुसूचित जाति का शामिल होना तय**

योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल में एक ब्राह्मण और एक अनुसूचित जाति के चेहरे का शामिल होना तय माना जा रहा है। उधर, छह क्षेत्रीय अध्यक्षों के साथ ही प्रदेश इकाई की 45 सदस्यीय टीम बननी है। चुनावी वर्ष में युवा मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष भी कई पहलुओं पर ध्यान रखकर बनाया जाना है। एक तिहाई पदों पर महिलाओं की भागीदारी पर सबकी नजर होगी।

## कानपुर में दो सगे भाइयों के घर चोरी, एक घर से बकरा तो दूसरे से नकदी व जेवर चुराए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर(कानपुर)।** साढ़ थाना क्षेत्र के गौरी नर्वल ग्राम पंचायत के मजरा मोहम्मदपुर गांव में शुक्रवार रात चोरों ने दो सगे भाइयों के घर को निशाना बनाया। दोनों के घरों पर ताला लगा हुआ था। शनिवार भोर पहर लौटने पर चोरी की जानकारी हुई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। गांव निवासी इमामुद्दीन ने बताया कि शुक्रवार रात वह परिवार समेत जहानाबाद में कव्वाली देखने गये थे। पड़ोस में रहने वाले भाई फारुख भी गए थे। रात में चोरों ने दोनों घरों का ताला तोड़कर सामान चोरी कर लिया।

इमामुद्दीन के मुताबिक उनके घर से बकरा और भाई के घर से बीस हजार रुपये व दो जोड़ी तोड़ियां, एक जोड़ी टप्स, एक मंगलसूत्र ले गए। बताया कि उनका घर गांव के किनारे सड़क पर बना हुआ है। इसलिए किसीको जानकारी नहीं हो सकी। भोरपहर जहानाबाद से लौटने के बाद ताला टूटा देखकर चोरी की जानकारी हुई। सूचना पाकर पुलिस जांच करने पहुंची। इंस्पेक्टर अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

